राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक एवं तकनिकी) व (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग
जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

lsg.urban.rajasthan.gov.in

कमांकःएफ 10 (छ) (3)/भर्ती आयोग/डी.एल.बी./15/ 1067 **दिनांकः–** 09.01.2017

विज्ञप्ति

राज्य स्तरीय नगर पालिका (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग द्वारा लिपिक ग्रेड (द्वितीय) के 500 पदों के ऑन-लाईन परीक्षा के प्रथम चरण का परिणाम दिनांक 15.09.2016 को जारी किया गया था। प्रथम चरण में सफल घोषित अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर पर द्वितीय चरण की टाईपिंग टेस्ट कम्प्यूटर सेन्टर, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (M.N.I.T.)जे.एल.एन. मार्ग, ओ.टी.एस. चौराहा के पास जयपुर 302017 में दिनांक 16.10.2016 को आयोजित किया गया।

दिनांक 16.10.2016 को आयोजित कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा में पात्र, अपात्र एवं अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की सूची आयोग द्वारा वेबसाईट https://www.recruitmentdlb.com पर Upload कर दी गई है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा से मुक्त रखा गया है।

विज्ञप्ति कमांक 537 दिनांक 09.11.2016 को राज्य स्तरीय समाचार पत्रों एवं विभागीय वेबसाईट पर जारी कर दिनांक 16.10.2016 को आयोजित कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी अगर टंकण परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है तो इस संबंध में अपना आवेदन सचिव सेवा चयन आयोग को एक सप्ताह में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश जारी किये गये थे लेकिन अभी तक अधिकतर अभ्यर्थियों ने आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है।

अतः उपरोक्त सभी अनुपस्थित अभ्यर्थियों को कम्पयुटर पर टंकण परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु अन्तिम अवसर दिया जाकर पुनः निर्देशित किया जाता है कि इस संबंध में अपना आवेदन सचिव सेवा चयन आयोग को दिनाक 16.01.2017 से पूर्व आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। अन्यथा भविष्य में आपको टंकण परीक्षा में सम्मिलित होने का कोई भी अवसर नहीं दिया जाएगा।

सचिव
राजस्थान नगर पालिका
(अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग